

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 30 August 2024

Dainik Jagran
Page - 07

गोवि में 61 मेधावियों को आज मेडल देंगी कुलाधिपति

विशिष्ट अतिथि होंगे उच्च शिक्षा मंत्री, एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता मुख्य अतिथि

43वां दीक्षा समारोह

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का 43वां दीक्षा समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में आयोजित होगा। समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 61 मेधावियों को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगी। इनमें 49 छात्राएं और 12 छात्र होंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह के मंच पर एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता रहेंगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी होंगी। गुरुवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह के रिहर्सल में एनसीसी परेड की निरीक्षण करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन • जागरण

तैयारी को अंतिम रूप देते हुए समारोह के आयोजन का दीक्षा भवन में पारंपरिक रूप से पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान प्रो. नंदिता सिंह कुलाधिपति की भूमिका निभाई जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. सुधा यादव मंचासीन हुईं। उच्च शिक्षा मंत्री प्रो. गोपाल प्रसाद और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री प्रो. बीना बत्रा कुशवाहा रहीं। पूर्वाभ्यास की शुरुआत में कुलपति प्रो. पूनम टंडन कुलाधिपति वाटिका गईं। उसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड आफ आनर देने का पूर्वाभ्यास किया, जिसका नेतृत्व प्रो. विनीता पाठक ने किया। विद्वत यात्रा निकाली गई और पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान सभी टापर मौजूद रहे। उन्होंने पूर्वाभ्यास में पूरी सक्रियता के साथ हिस्सा लिया।

87359 को स्नातक-परास्नातक व 166 को मिलेगी पीएचडी की उपाधि : गोवि के दीक्षा समारोह में 87 हजार 359 विद्यार्थियों को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी, जिसमें 57 हजार 723 छात्राएं हैं। प्रतिशत में उनकी भागीदारी 66.08 है। उपाधि पाने वालों में विश्वविद्यालय के 6793 और महाविद्यालय के 80 हजार 566 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी, जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पर 'लोगो' का लोकार्पण करेंगी कुलाधिपति : दीक्षा समारोह के मंच से कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पूरे होने पर तैयार किए गए एक 'लोगो' का लोकार्पण करेंगी। 'लोगो' की आकृति तैयार करा ली गई है। हमेशा की तरह इस बार के दीक्षा समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी। कुलाधिपति विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में दीक्षा समारोह के अंतर्गत आयोजित चित्रकला, भाषण, कहानी व कथन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी करेंगी।

क्रीड़ा संकुल में करनी होगी वाहन पार्किंग : गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षा समारोह में अतिथियों की सुविधा के लिए क्रीड़ा मैदान में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की है। ऐसे में दीक्षा समारोह में शामिल होने वाले सभी अतिथियों को अपने वाहन को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करना होगा।

पहली बार परिधान में होगा समारोह

दीक्षा समारोह में पहली बार शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित किया गया है। पुरुष शिक्षकों के लिए आफ व्हाइट कुर्ता-पजामा व महिला शिक्षकों के लिए आफ व्हाइट साड़ी परिधान बनाया गया है। छात्रों के लिए व्हाइट कुर्ता-पजामा और छात्राओं के लिए पीली साड़ी व लाल ब्लाउज परिधान तय किया गया है।

भाषण प्रतियोगिता में कमलेश शर्मा रहे विजयी

गोरखपुरः दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय खेल विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय सेमेस्टर के कमलेश शर्मा विजयी रहे, जिन्हें विभागाध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया। (विज्ञप्ति)

Amar Ujala
Page - 07

डीडीयू : 43वां दीक्षांत आज 61 मेधावियों को मिलेंगे पदक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 43वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। समारोह में 61 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया जाएगाए जिनमें 49 छात्राएं शामिल हैं।

मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। बृहस्पतिवार को दीक्षा भवन में समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें कुलाधिपति की भूमिका में प्रो. नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि प्रो. सुधा यादव, विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो. गोपाल प्रसाद एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो. बीना बत्रा कुशवाहा रहीं। विद्वत परियात्रा निकाली गई तथा पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।

स्वर्ण पाने वालों में 49 बेटियां, 166 शोधकर्ताओं को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

Hindustan
Page - 04

43वां दीक्षांत | कुलपति प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में हुआ फुल रिहर्सल, विश्वविद्यालय की 49 छात्राओं और 12 छात्रों को मिलेगा पदक

डीडीयू के 61 होनहारों को आज मिलेगा गोल्ड मेडल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डीडीयू में शुक्रवार को आयोजित होने वाले 43वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को कुलपति प्रो.पूनम टंडन के नेतृत्व में फुल रिहर्सल कर तैयारियां परखी गई। शुक्रवार को होने वाले दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल अध्यक्षता करेंगी। जबकि मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता होंगी। बतौर विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी रहेगी।

डीडीयू दीक्षांत के रिहर्सल में एनसीसी कैडेट का निरीक्षण करती वीसी प्रो. पूनम टंडन।

दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर गुरुवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में दीक्षा भवन में आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति की भूमिका में प्रो. नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो. सुधा यादव तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो. गोपाल प्रसाद तथा उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो. बीना बत्रा कुशवाहा रहीं। पूर्वाभ्यास की शुरुआत में कुलपति प्रो. टंडन कुलाधिपति वाटिका गई। उसके बाद एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व प्रो. विनीता पाठक ने किया। दीक्षा भवन में विद्वत यात्रा निकली गई। इसके साथ ही पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।

166 शोधकर्ताओं को मिलेगी पीएचडी की उपाधि : दीक्षांत में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल हैं। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें 57,723 छात्राएं (66.08%) शामिल हैं। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के 6793 तथा महाविद्यालयों के 80566 विद्यार्थी शामिल हैं।

पहली बार परिधान में होगा दीक्षांत समारोह

पहली बार शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित किया गया है। शिक्षकों के लिए ऑफ व्हाइट कुर्ता-पजामा तथा शिक्षिकाओं के लिए ऑफ वाइट साड़ी का चयन किया गया है। छात्रों को व्हाइट कुर्ता पजामा तथा छात्राओं के लिए पीली साड़ी के साथ लाल रंग का ब्लाउज परिधान तय किया गया है।

> दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति तथा अतिथियों का गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरती पर भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरा समारोह विद्यार्थियों एवं बच्चों का है। हमारी कोशिश है कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।
> - प्रो.पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय

Inext Page - 02, 04

43वें दीक्षा समारोह की तैयारी पूरी, विशिष्ट अतिथि होंगे उच्च शिक्षा मंत्री

डीडीयू में 61 मेधावियों को आज गोल्ड मेडल देंगी गवर्नर आनंदीबेन

एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता होगी मुख्य अतिथि

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (29 august): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का 43वां दीक्षा समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में आयोजित होगा. समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 61 मेधावियों को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगी. इनमें 49 छात्राएं और 12 छात्र होंगे. मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह के मंच पर एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता रहेंगी. समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी होंगी. गुरुवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली.

तैयारी को अंतिम रूप देते हुए समारोह के आयोजन का दीक्षा भवन में पारंपरिक रूप से पूर्वाभ्यास किया गया. पूर्वाभ्यास के दौरान प्रो. नंदिता सिंह कुलाधिपति की भूमिका निभाई जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. सुधा यादव मंचासीन हुईं. उच्च शिक्षा मंत्री प्रो. गोपाल प्रसाद और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री प्रो. बीना बत्रा कुशवाहा रहीं. पूर्वाभ्यास की शुरुआत में कुलपति प्रो. पूनम टंडन कुलाधिपति वाटिका गईं. उसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड आफ आनर देने का पूर्वाभ्यास किया, जिसका नेतृत्व प्रो. विनीता पाठक ने किया. विद्वत यात्रा निकाली गई और पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया. पूर्वाभ्यास के दौरान सभी टापर मौजूद रहे. उन्होंने पूर्वाभ्यास में पूरी सक्रियता के साथ हिस्सा लिया.

87359 को यूजी-पीजी व 166 को पीएचडी की उपाधि

गोवि के दीक्षा समारोह में 87 हजार 359 विद्यार्थियों को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी. जिसमें 57 हजार 723 छात्राएं हैं. प्रतिशत में उनकी भागीदारी 66.08 है. उपाधि पाने वालों में विश्वविद्यालय के 6793 और महाविद्यालय के 80 हजार 566 विद्यार्थी शामिल हैं. इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी. जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल हैं.

डीडीयू के 75 वर्ष पर 'लोगो' का लोकार्पण करेंगी कुलाधिपति

दीक्षा समारोह के मंच से कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पूरे होने पर तैयार किए गए एक 'लोगो' का लोकार्पण करेंगी. 'लोगो' की आकृति तैयार करा ली गई है. हमेशा की तरह इस बार के दीक्षा समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी. कुलाधिपति विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में दीक्षा समारोह के अंतर्गत आयोजित चित्रकला, भाषण, कहानी व कथन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी करेंगी.

पहली बार परिधान में होगा समारोह

दीक्षा समारोह में पहली बार शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित किया गया है. पुरुष शिक्षकों के लिए आफ व्हाइट कुर्ता-पजामा व महिला शिक्षकों के लिए आफ व्हाइट साड़ी परिधान बनाया गया है. इसके साथ ही छात्रों के लिए व्हाइट कुर्ता-पजामा और छात्राओं के लिए पीली साड़ी के साथ लाल ब्लाउज परिधान तय किया गया है.

क्रीड़ा संकुल में करनी होगी वाहन पार्किंग

गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षा समारोह में अतिथियों की सुविधा के लिए क्रीड़ा मैदान में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की है. ऐसे में दीक्षा समारोह में शामिल होने वाले सभी अतिथियों को अपने वाहन को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करना होगा.

दर्शनशास्त्र की बची सीटों पर आवेदन का आखिरी दिन आज

GORAKHPUR (29 August): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में बची हुई सीटों पर आवेदन का आज आखिरी दिन है. विभाग के बची हुई सीटों पर प्रवेश के लिए पोर्टल को रिओपेन किया गया था, जिनके लिए स्टूडेंट्स आज फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं, ये जानकारी दर्शनशास्त्र विभाग के एचओडी प्रो. द्वारका नाथ ने दिया. उन्होंने कहा कि एम.ए. दर्शनशास्त्र, योग इन डिप्लोमा और एम.ए. इन योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 30 अगस्त तक फॉर्म भर सकते हैं.

Amar Ujala Select
Page - 04

डीडीयू : 43वां दीक्षांत आज, कुलाधिपति के हाथों 61 मेधावियों को मिलेगा पदक

दीक्षांत से एक दिन पहले हुआ पूर्वाभ्यास, 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 43वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। समारोह में 61 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा, जिसमें 49 छात्राएं शामिल हैं।

मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। बृहस्पतिवार को दीक्षा भवन में समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें कुलाधिपति की भूमिका में प्रो. नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि प्रो. सुधा यादव, विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो. गोपाल प्रसाद एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो. बीना बत्रा कुशवाहा रहीं। विद्वत परियात्रा निकाली गई तथा पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति तथा अतिथियों का गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरती पर भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि : दीक्षांत समारोह में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल है।

इसके साथ ही सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 57,723 छात्राएं शामिल है। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के 6793 और महाविद्यालयों के 80,566 विद्यार्थी शामिल हैं।

कुलाधिपति करेंगी विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पर लोगो का लोकार्पण

समारोह में राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय के 75 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पर बनाए गए लोगो का भी लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का चार संवर्गों में चित्रकला, भाषण एवं कहानी कथन में आयोजन किया गया।

पहली बार परिधान में होगा दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित किया गया है। शिक्षकों के लिए ऑफ व्हाइट कुर्ता पजामा और शिक्षिकाओं के लिए ऑफ व्हाइट साड़ी का चयन किया गया है। इसके साथ ही छात्रों के लिए व्हाइट कुर्ता पजामा और छात्राओं के लिए येलो साड़ी के साथ रेड ब्लाउज परिधान तय किया गया है।

Super Fast Times

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
सुपर फास्ट टाइम्स
(कुशीनगर/गोरखपुर/बाराबंकी)

आज 61 मेधावियों को मिलेगा स्वर्ण पदक,166 शोधकताओं को पीएचडी की भी उपाधि

43वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति करेंगी सम्मानित

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 43वें दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल,मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता,विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहेंगी। दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने कहा कि विश्ववविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति तथा अतिथियों का गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरती पर भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुलपति ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों एवं बच्चों का है। हमारी कोशिश है उनकी बढ़-चढ़ के भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कुलपति प्रो० पूनम टंडन के नेतृत्व में दीक्षा भवन में आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। गुरुवार को पूर्वाभ्यास में महामहिम की भूमिका में प्रो०नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो० सुधा यादव तथा विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो० गोपाल प्रसाद तथा उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो० बीना बत्रा कुशवाहा रही। पूर्वाभ्यास की शुरूआत में कुलपति प्रो० टंडन कुलाधिपति वाटिका गयी। उसके बाद एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रो० विनीता पाठक ने किया। विद्वत यात्रा निकाली गयी तथा पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।

अनुष्का मिश्रा ,8 स्वर्ण पदक विजेता

166 शोधकताओं को पीएचडी की उपाधि

इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 166 शोधकताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल है। सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 57,723 छात्राए (66.08%) शामिल है। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के 6793 तथा महाविद्यालयों के 80566 विद्यार्थी शामिल है।

महामहिम करेंगी विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पर लोगो का लोकार्पण

दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा विश्व विद्यालय के 75 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पर बनाए गए एक लोगो का भी लोकार्पण किया जायेगा। दीक्षा समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकतीयों तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी महामहिम कुलाधीपति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में प्रतियोगिताओ का चार संवर्गों में चित्रकला, भाषण एवं कहानी कथन में आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओ के विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

पहली बार परिधान में होगा दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित की गई है। शिक्षकों के लिए ऑफ व्हाइट कुर्ता पजामा तथा शिक्षिकाओं के लिए ऑफ वाइट साड़ी का चयन किया गया है। इसके साथ ही छात्रों के लिए व्हाइट कुर्ता पजामा तथा छात्राओं के लिए येलो साड़ी के साथ रेड ब्लाउज परिधान तय किया गया है।

Nirbhik India Page - 03

43वें दीक्षांत की तैयारी पूरी, कुलाधिपति होगी मुख्य अतिथि

गोरखपुर, संवाददाता-

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 43 वें दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर कुलपति प्रो पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति तथा अतिथियों का गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरती पर भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुलपति ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों एवं बच्चों का है। हमारी कोशिश है उनकी बढ़-चढ़ के भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

- **दीक्षा समारोह का सफल पूर्ण वेश पूर्वाभ्यास सम्पन्न**

कुलपति प्रो पूनम टंडन के नेतृत्व में दीक्षा भवन में आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आज के पूर्वाभ्यास में महामहिम की भूमिका में प्रो नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो सुधा यादव तथा विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो गोपाल प्रसाद तथा उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो बीना बत्रा कुशवाहा रही। पूर्वाभ्यास की शुरुआत में कुलपति प्रो टंडन कुलाधिपति वाटिका गयी। उसके बाद एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रो विनीता पाठक ने किया। विद्वत यात्रा निकली गयी तथा पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।

166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल है।

- **सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि**

इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 57,723 छात्राए (66.08%) शामिल है। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के 6793 तथा महाविद्यालयों के 80566 विद्यार्थी शामिल है।

- **महामहिम करेंगी विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पर लोगो का लोकार्पण**

दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा विश्व विद्यालय के 75 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पर बनाए गए एक लोगो का भी लोकार्पण किया जायेगा।

- **43वें दीक्षांत समारोह में महामहिम करेंगी सम्मानित**

दीक्षा समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकर्तीयो तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी।

महामहिम कुलाधीपति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में प्रतियोगिताओ का चार संवर्गों में चित्रकला, भाषण एवं कहानी कथन में आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओ के विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

- **पहली बार परिधान में होगा दीक्षांत समारोह**

दीक्षांत समारोह में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए परिधान निर्धारित की गई है। शिक्षकों के लिए ऑफ व्हाइट कुर्ता पजामा तथा शिक्षिकाओं के लिए ऑफ वाइट साड़ी का चयन किया गया है। इसके साथ ही छात्रों के लिए व्हाइट कुर्ता पजामा तथा छात्राओं के लिए येलो साड़ी के साथ रेड ब्लाउज परिधान तयि कया गया है।

शारीरिक शिक्षा विभाग में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

गोरखपुर, संवाददाता-

आज दिनांक 29.08.2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. विजय चहल, अतिथि शिक्षकों और छात्र छात्राओं द्वारा सुबह 10 बजे मेजर ध्यान चंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

तत्पश्चात "वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय खेल" विषय पर छात्रों की एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक तृतीय सेमेस्टर के कमलेश शर्मा को विजई होने पर विभागाध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया।

भाषण प्रतियोगिता के पश्चात विभाग में सभी छात्रों को मेजर ध्यान चंद जी के जीवन पर आधारित एक व्रतचित्र दिखाई गई।

सायं सत्र में कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया, मैच के दौरान अनेक छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रमों को सफल बनाने में विभाग के अतिथि शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा

Nispaksh Pratidin Page - 08

डीडीयू में 43वें दीक्षांत समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी

- **महामहिम कुलाधिपति एवं अतिथियों के भव्य स्वागत के सारे इंतजाम पूरे**

निष्पक्ष प्रतिदिन | गोरखपुर

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 43 वें दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर कुलपति प्रो पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महामहिम कुलाधिपति तथा अतिथियों का गुरु गोरक्षनाथ की पावन धरती पर भव्य स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुलपति ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों एवं बच्चों का है। हमारी कोशिश है उनकी बढ़-चढ़ के भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधिः इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 166 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 70 छात्राएं तथा 96 छात्र शामिल है।

सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधिः इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में सत्र 2023-24 में 87,359 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी जिसमें 57,723 छात्राए (66.08%) शामिल है। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के 6793 तथा महाविद्यालयों के 80566 विद्यार्थी शामिल है।

महामहिम करेंगी विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पर लोगों का लोकार्पणः दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा विश्व विद्यालय के 75 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पर बनाए गए एक लोगो का भी लोकार्पण किया जायेगा।

43वें दीक्षांत समारोह में महामहिम करेंगी सम्मानितः दीक्षा समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकर्तीयो तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी भी होगी। महामहिम कुलाधीपति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गावों में संचालित बेसिक और माध्यमिक के विद्यालयों में प्रतियोगिताओ का चार संवर्गों में चित्रकला, भाषण एवं कहानी कथन में आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओ के विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न

कुलपति प्रो पूनम टंडन के नेतृत्व में दीक्षा भवन में आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आज के पूर्वाभ्यास में महामहिम की भूमिका में प्रो नंदिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो सुधा यादव तथा विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रो गोपाल प्रसाद तथा उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो बीना बत्रा कुशवाहा रही। पूर्वाभ्यास की शुरुआत में कुलपति प्रो टंडन कुलाधिपति वाटिका गयी। उसके बाद एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रो विनीता पाठक ने किया। विद्वत यात्रा निकली गयी तथा पदक विजेताओं ने पदक प्राप्त करने का पूर्वाभ्यास किया।